बाबूलाल मराण्डी
अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, झारखण्ड
सह
पूर्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड

पता : बी.पी.डी.पी. गेस्ट हाउस
मोरहाबादी, राँची-834008
दूरभाष : 0651-2960966
मोबाईल : 7004173300
ई-मेल : yourbabulal@gmail.com

पत्रांक : 623/BLm/23

दिनांक : 27/12/23

मुख्य सचिव,
झारखण्ड सरकार, रांची।

विषय :– हजारीबाग जिला अन्तर्गत सरकारी स्कूल के बच्चों को पोशाक वितरण में किए गए भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की जॉच कराकर कार्रवाई करने के संबंध में।

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में हजारीबाग के मा० विधायक श्री मनीष जयसवाल ने आपके नाम से प्रेषित शिकायत पत्र की प्रतिलिपि मुझे भी हस्तगत कराया है, जो इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु प्रेषित कर रहा हूँ।

मा0 विधायक ने बीते शीतकालीन सत्र में जिले में पोशाक वितरण में हुए भ्रष्टाचार के विषय में मामले को उठाकर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया था। आपको बताना चाहूँगा कि सरकारी स्कूल में बच्चों को पोशाक वितरण से संबंधित दिशा–निर्देश के आलोक में राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची ने अपने पत्रांक 3130 दिनांक 08.08.2023 अन्तर्गत सभी जिला शिक्षा अधीक्षक/पदाधिकारी को 1 से 08 तक के बच्चों के लिए पोशाक, स्वेटर एवं जूता–मोजा क्रय करने के तय मापदंड के विरूद्ध जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग ने बिना निविदा तथा स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किए बगैर दूसरे जिले के NGO को पोशाक आपूर्ति का आदेश दे दिया जो नियम विरूद्ध तो है ही, इसके अलावे आपूर्ति किए गए स्वेटर एवं पोशाक की गुणवत्ता इतनी खराब है कि सप्ताह भर में ही स्वेटर और पोशाक फटना शुरू हो गया है।

निदेशक शिक्षा परियोजना द्वारा जारी दिशा निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि यदि जिले में संचालित स्वयं सहायता समूह उक्त कार्य को निर्धारित समय में कर सकते है तो उनके माध्यम से कराना है अन्यथा डी.बी.टी. के माध्यम से बच्चों को उनके बैंक खाते में राशि उपलब्ध कराई जानी है। लेकिन कमीशनखोरी के लिए हजारीबाग D.S.E द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर अपने चहेते स्वंय सहायता समूह को पोशाक आपूर्ति का आदेश देकर कुल 12 करोड़ रूपये की निकासी कर ली गई।

दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि आपूर्ति किए गए पोशाक की गुणवत्ता अति निम्न कोटि की है, जो जाँच का विषय है।

अतएव आपसे अपेक्षा करता हूँ कि संलग्न शिकायत पत्र एवं निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना राँची द्वारा जारी दिशा निर्देश के अलोक में जिला शिक्षा हजारीबाग द्वारा नियम विरूद्ध किए गए पोशाक क्रय की जाँच हेतु एक जाँच टीम गठित कर इसमें हुए भ्रष्टाचार की जाँच कराई

ल मराण्डी
अध्यक्ष
जनता पार्टी, झारखण्ड
सह
र्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड

पता : बी.पी.डी.पी. गेस्ट हाउस
मोरहाबादी, राँची-834008
दूरभाष : 0651-2960966
मोबाईल : 7004173300
ई-मेल : yourbabulal@gmail.com

पत्रांक : 623/BLm/23

दिनांक : 27/12/23

जाय एवं दोषी पदाधिकारी पर कठोर कार्रवाई करेंगे ताकि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के कारनामों पर अंकुश लग सके एवं सरकारी पैसे की लूट नही हो सके।

इस सम्बन्ध में त्वरित कार्रवाई करेंगे एवं कृत कार्रवाई से अद्योस्ताक्षरी को भी अवगत करना चाहेंगे।

संलग्नक :– यथोक्त।

1. आवेदन की मूल प्रति।
2. निदेशक, शिक्षा परियोजना द्वारा जारी निर्देश–पत्र।
3. सम्बन्धित प्रकाशित खबर की छायाप्रति।

(बाबूलाल मरांडी)
27.12.2023